आज म्हारे आँगनिये दशा माँ पधारिया

तर्ज- मालिया माँ ना आशीर्वाद ...
हो...माँ..हो....मेरी माँ.. दशा माँ....
है..आज म्हारे आंगणिये दशा माँ पधारियां
दशा माँ पधारियां , म्हारा भाग्य है सँवारियां
है... मीनावाड़ा वाली , म्हारा कारज संवारिया
है..आज म्हारे आंगणिये दशा....

दशा माता दशा उनकी सुधारे
व्रत पूजन कर माँ को जो पुकारे
है..जिस घर मे आये मैया ,भरे सुखों से झोलिया
है..आज म्हारे आंगणिये दशा....

राजा नल को माँ ने पर्चा दिखाया
गलती पे अपनी वो बड़ा पछताया
है...नल दमयंती की , ये सच्ची कहानियां
है..आज म्हारे आंगणिये दशा....

दशा माता व्रत की महिमा महान है,
ग्रन्थ भी जिसका करते बखान है
है...पतिव्रता नारी व्रत , दस दिन का धारिया
है..आज म्हारे आंगणिये दशा....

दुखो का नाश कर सुख बरसाना
दिलबर की है माँ बस यही भावना
है... नागेश की मैया , तू ही करती रखवालीयां
है..आज म्हारे आंगणिये दशा....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17110/title/aaj-mhare-aangan-ye--dasha-maa-padhariyaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |